# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 अक्टूबर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दीपावली पर देशवासियों के नाम लिखे एक पत्र में कहा है कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही है। विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा में, प्रधानमंत्री ने लोगों से राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह दीपावली इसलिए विशेष है, क्योंकि पहली बार देश के उन दूर–दराज इलाकों सहित कई जिलों में भी उत्सव का महौल है, जहां कभी नक्सलवाद और माओवादी आतंक हुआ करता था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, भारत ने न केवल धर्म का पालन किया, बल्कि अन्याय का बदला भी लिया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

आज पुलिस स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष उन्नीस सौ उन्सठ में इसी दिन लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में दस पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। तब से, हर साल इक्कीस अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया ।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ के रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर मजबूती के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश पुलिस के इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं।

***विभिन्न जनपदों में एक सौ तीस थानों, सात महिला थानों, नब्बे पुलिस चौकियों सहित अयोध्या, मिर्जापुर, चंदौली और सिद्धार्थनगर में चार जलपुलिस चौकियों को भी स्वीकृति प्रदान की गई। पचहत्तर जनपदों में अठहत्तर महिला पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र, प्रत्येक जनपद में एक एक विद्युत पुलिस थाना भी स्वीकृत किया गया। दस सतर्कता अधिष्ठान थानों, चार आर्थिक अपराध इकाई पुलिस थानों, चालीस एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट थानों, पचहत्तर साइबर क्राइम थानों और छह एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स थानों, परिक्षेत्र स्तर पर आठ भ्रष्टाचार निवारण संगठन यूनिट की स्थापना को भी स्वीकृति निर्गत की गई है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ कर, जनमानस में सुरक्षा की भावना को बलवती करना एवं अपराधियों में कानून का भय पैदा करना सरकार की प्रमुख नीति है।

पुलिस स्मृति दिवस पर प्रदेश के वाराणसी, बलिया, जौनपुर, मऊ और कुशीनगर सहित कई जिलों में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजन किए गए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में प्रदेश सरकार द्वारा पंजाब के बाढ़ प्रभावित कृषकों की बीज सहायता से जुड़े वाहनों के फ्लैग–ऑफ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से एक हजार क्विंटल गेहूं का बीज पंजाब के लिए रवाना किया गया। मुख्यमंत्री ने खाद्यान्न आत्मनिर्भरता की चर्चा करते हुए कहा कि देश की खाद्यान्न आत्मनिर्भरता में उत्तर प्रदेश आज महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भी कर रहा है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव से समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। ऑटो मोबाइल क्षेत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभाव को लेकर प्रस्तुत है एक रिपोर्ट।

***नए कर ढांचे के तहत 1800 सीसी से कम इंजन क्षमता वाले ट्रैक्टर पर 5 प्रतिशत और 1800 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाले ट्रैक्टर पर 18 प्रतिशत कर लग रहा है। साथ ही, ट्रैक्टर के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों जैसे टायर और गियर पर भी 5 प्रतिशत कर लग रहा है। बस, ट्रक और डिलीवरी वैन सहित वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों पर लगने वाले वस्तु और सेवा कर को 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने मोटर कार और बाइक के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों पर कर को 18 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, बाइक और छोटी कारों पर कर की दर में 10 प्रतिशत की कमी की गई है। रिशु के साथ दृष्टि पुनयानी, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी छब्बीस अक्टूबर को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे । लोग कार्यक्रम सम्बन्धी अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर साझा कर सकते हैं। इसके अलावा माई जीओवी इंडिया ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑन लाइन सुझाव साझा किए जा सकते हैं।

**********

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोत्तरी के बाद इसमें धीरे–धीरे गिरावट की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश में सत्ताइस अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहेगा। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सुदूर दक्षिणी हिस्से में आज और कल कहीं कहीं बहुत हल्की वर्षा व बूंदाबांदी की भी संभावना बनी हुई है।

**********